
Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 23



# मूडीज के अनुसार वित्त वर्ष 2025 में अर्थव्यवस्था 7% की दर से रहने का अनुमान

* मूडीज एनालिटिक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 7% कर दिया है जो पिछले वर्ष के 8.2% से कम है।

* यह संशोधन वैश्विक और आर्थिक घरेलू आर्थिक मंदी भू-राजनीतिक तनाव धीमी वैश्विक मांग और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण किया गया है।

* इसके विपरीत भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 7.2% रखा है जो अर्थव्यवस्था के मजबूत बुनियादी कारकों पर आधारित है।

* नोमुरा ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की GDP वृद्धि का अनुमान 6.7% किया है।

* ## मूडीज एनालिटिक्स

मूडीज एनालिटिक्स आर्थिक शोध परामर्श प्रशिक्षण और सॉफ्टवेयर सेवाएं भी देती है।

- यह अपने ग्राहकों को बेहतर और तेज फैसले लेने में मदद करती है।



## RBI

RBI भारत का केन्द्रीय बैंक है।

इसकी स्थापना 1934 के अधिनियम के तहत 1 अप्रैल 1935 को हुई थी।

RBI को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एपेक्स बैंक ऑफ इंडिया के नाम से भी जाना जाता है।

- RBI का काम देश की वित्तीय प्रणाली का प्रबंधन करना है।
- यह भारतीय बैंकिंग प्रणाली को नियंत्रित करता है।
- यह अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करता है।
- RBI बैंक नोटों के मुद्रण को नियंत्रित करता है।
- यह क्रेडिट प्रणाली को संचालित करता है।
- इसका केन्द्रीय कार्यालय मुंबई में है।
- यह वित्त मंत्रालय के अधीन है।



# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी जो अपने 10 वर्ष पूर्ण कर चुका है।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंग आधारित चयन पर रोकथाम बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और उनकी शिक्षा की उचित व्यवस्था और भागीदारी सुनिश्चित करना है
- घटते बाल लिंगानुपात को रोकना
- प्रारंभिक फंडिंग - 100 करोड़ रुपया।
- शुरुआत में देश के 100 जिलों में लागू
- 26 अगस्त 2016 को ओलंपिक 2016 की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक को योजना का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।

Result Mitra




23/Jan/P3

# कर्नाटक बना विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन

कर्नाटक ने 18 जनवरी 2025 को वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में विदर्भ को 36 रनों से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 का विजेता बना।

- यह कर्नाटक का पांचवा विजय हजारे ट्रॉफी खिताब है
- विजय हजारे ट्रॉफी भारत में एक प्रमुख घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेन्ट है जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा आयोजित किया जाता है
- इस टूर्नामेन्ट का नाम पूर्व भारतीय क्रिकेटर विजय हजारे के सम्मान में रखा गया है
- इस ट्रॉफी की शुरुआत 2002-03 में हुई थी

## BCCI

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)

स्थापना - वर्ष 1928

मुख्यालय - मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम)

- BCCI दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में से एक है
- यह एक स्वतंत्र संस्था है

23/Jan/P4

## प्रमुख टूर्नामेंट

- आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग)
- रणजी ट्रॉफी
- दलीप ट्रॉफी
- विजय हजारे ट्रॉफी
- देवधर ट्रॉफी

Result Mitra

ICC®

# भारतीय कॉफी की विश्व में बढ़ती मांग

भारतीय कॉफी की प्रमुख किस्में:

1. अरेबिका (Arabica):
    - यह उच्च गुणवत्ता वाली कॉफी है, जो हल्के और मधुर स्वाद के लिए प्रसिद्ध है।
    - इसे ज्यादातर ऊँचाई वाले क्षेत्रों में उगाया जाता है।
2. रोबस्टा (Robusta):
    - यह मजबूत और गहरे स्वाद वाली कॉफी है।
    - इसमें कैफीन की मात्रा अधिक होती है और यह मुख्यत: निचले इलाकों में उगाई जाती है।

सरकार की पहल:

1. कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया:
- स्थापना: 1942 में।
- कॉफी बोर्ड भारतीय कॉफी के उत्पादन, गुणवत्ता, और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है।

2. GI टैग:
- भारतीय कॉफी की विशिष्टता को पहचानने के लिए विभिन्न किस्मों को भौगोलिक संकेतक (GI Tag) दिया गया है, जैसे:
    - कोडागु अरेबिका कॉफी
    - चिकमगलूर अरेबिका कॉफी
    - बाबा बुदानगिरी कॉफी
    - वायनाड रोबस्टा कॉफी
    - मॉनसूनड मालाबार कॉफी

3. सस्टेनेबल खेती को बढ़ावा:
- सरकार ने सस्टेनेबल फार्मिंग प्रैक्टिसेस और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएँ चलाई हैं।

4. अंतरराष्ट्रीय मार्केटिंग:
- भारतीय कॉफी को वैश्विक बाजार में बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदर्शन किया जाता है।
- भारत "स्पेशलिटी कॉफी एसोसिएशन" जैसे संगठनों में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

## होलोंगापार वन्यजीव अभ्यारण्य चर्चा में

राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड (NBWL) ने स्थाई समिति ने असम में होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभ्यारण्य के पारिस्थितकी संवेदनशील क्षेत्र (ESZ) में तेल और गैस अन्वेषण परियोजना की मंजूरी दे दी है।

होलोंगापार गिब्बन वन्यजीव अभ्यारण्य जो कि लुप्तप्राय हूलॉक गिब्बन और क्षेत्र में पाई जाने वाली अन्य प्राइमेट प्रजातियों का घर है।

- यह अभ्यारण्य भारत के एकमात्र वानर प्रजाति हूलॉक गिब्बन और लंगूर जैसी प्रजातियों का निवास स्थान है।

### NBWL

राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) वन्यजीवों के संरक्षण और प्रबंधन के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक वैधानिक निकाय है।

- स्थापना - 2003 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत हुई थी।
- अध्यक्ष - प्रधानमंत्री



# नाइजीरिया BRICS के 9 वें भागीदार देश के रूप में शामिल

नाइजीरिया को औपचारिक रूप से BRICS समूह का पार्टनर देश घोषित किया गया है ब्राजील जो वर्तमान में BRICS की अध्यक्षता कर रहा है उसने यह घोषणा की।

- इससे पहले बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान को भी पार्टनर देश का दर्जा दिया गया है नाइजीरिया अब नौवां पार्टनर देश बन गया है।

- BRICS समूह जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है हाल ही में अपने विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

- पिछले वर्ष मिस्र, इथियोपिया और संयुक्त अरब अमीरात तथा 2025 जनवरी में वे इंडोनेशिया की सदस्यता दी है

## नाइजीरिया

(1) नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है

(2) नाइजीरिया दुनिया का सातवां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है

(3) नाइजीरिया पश्चिम अफ्रीका का एक प्रभाव देश है



23/Jan/P7